
पाठ 16

# चतुर बालक

मुल्ला नसिरुद्दीन सप्ताह में एक दिन गाँव के मदरसे में जाते और वहाँ धार्मिक शिक्षा देते थे। एक बार उन्होंने मिठाई खरीदी और मिठाई की पुड़िया मदरसे में अपने साथ ले गए।

मुल्ला नसिरुद्दीन मदरसे में पहुँचे ही थे कि एकाएक उन्हें बाहर जाना पड़ा। उन्होंने मिठाई की पुड़िया अपने कमरे की एक परछत्ती पर रख दी और कक्षा के बच्चों से कहा, ''देखो बच्चो, इस पुड़िया में मिठाई है, पर इसमें जहर मिला हुआ है, इसलिए कोई भी इस पुड़िया को छूना मत।''

इतना कहकर मुल्ला नसिरुद्दीन बाहर चले गए।



**शिक्षण संकेत**

- कहानी का हाव-भाव के साथ वाचन करें।
- बच्चों से वाचन कराएँ।
- कुछ हास्य व्यंग्य आदि से संबंधित रचनाएँ सुनें और सुनाएँ।

कक्षा में मुल्ला नसिरूद्दीन का एक भतीजा भी पढ़ता था। वह बोला,"चलो, हम मिठाई खा लें। इसमें ज़हर नहीं मिला है। हम लोग मिठाई खा न लें, इसीलिए चाचाजी ने मिठाई में ज़हर की मिलावट वाली बात कही है।"

एक लड़का फौरन घोड़ा बना। दूसरे लड़के ने उसकी पीठ पर चढ़कर परछत्ती से पुड़िया उतार ली। थोड़ी ही देर में सब लड़के मिलकर सारी मिठाई चट कर गए।

इसके बाद मुल्ला नसिरुद्दीन का भतीजा कमरे में गया। कमरे में मुल्लाजी का एक चाकू पड़ा था। भतीजे ने उसे तोड़ डाला।

थोड़ी देर में मुल्ला लौटे तो सीधे अपने कमरे में गए। उन्होंने चाकू टूटा हुआ देखा, तो उन्हें बहुत गुस्सा आया। तभी उनकी नज़र परछत्ती पर पड़ी। मिठाई की पुड़िया वहाँ से गायब थी। मुल्ला को और भी गुस्सा आया, "अरे, मिठाई कौन खा गया?"

लड़कों ने भतीजे की ओर इशारा किया।

भतीजा रोने लगा और डरते-डरते बोला, "चाचाजी, मेरी पेंसिल की नोंक टूट गई थी। पेंसिल की नोंक बनाने के लिए मैंने आपका चाकू लिया। पर वह मेरे हाथ से नीचे गिर पड़ा और टूट गया। मैंने सोचा कि अब मेरी पिटाई होगी। इसलिए मैंने यह ज़हरवाली मिठाई खाकर मर जाने का निश्चय किया। पहले थोड़ी सी मिठाई खाई, पर ज़हर का असर न हुआ। फिर मैंने सारी मिठाई खा डाली। लेकिन अभी तक उसका कोई असर नहीं हुआ है।"

भतीजे की बात सुनकर मुल्ला नसिरुद्दीन हँस पड़े और बोले, "भतीजे, तुम अपने चाचा से जरा भी कम नहीं हो। आज तक तो मैं यही समझता रहा कि मुझसे बढ़कर कोई होशियार नहीं है पर तुम तो मुझसे भी ज्यादा होशियार निकले। जाओ, मैं तुम्हारे सभी कसूर माफ करता हूँ।"

▸ संकलित



## नए शब्द

**मदरसा** = शाला, स्कूल **परछत्ती** = छत के नीचे का स्थान। **चट कर जाना** = खा जाना। **होशियार** = चतुर। **इशारा** = संकेत। **कसूर** = दोष, गलती। **फौरन** = तुरन्त।



## अनुभव विस्तार

**कहानी से खोजो-**

**( क ) सही जोड़ी बनाइए-**

| | | |
|---|---|---|
| मिठाई की | – | नसिरुद्दीन |
| चाचा | – | पुड़िया |
| पेंसिल की | – | भतीजा |
| मुल्ला | – | नोंक |

**( ख ) रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए-**

1. मुल्ला नसिरुद्दीन ने .........................खरीदी।
2. कक्षा में मुल्ला नसिरुद्दीन का एक.......................भी पढ़ता था।
3. एक लड़का फौरन .................बना।
4. मुल्ला नसिरुद्दीन................में एक दिन गाँव के मदरसे में जाते थे।

**अति लघु उत्तरीय प्रश्न-**

**निर्देश निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर एक वाक्य में दीजिए-**

1. मुल्ला नसिरुद्दीन ने मिठाई की पुड़िया कहाँ रख दी थी?
2. मिठाई को किसने खाया?
3. घोड़ा कौन बना?
4. भतीजे ने क्या तोड़ डाला?

**लघु उत्तरीय प्रश्न-**

**निर्देश - निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर तीन से पाँच वाक्यों में दीजिए-**

1. मुल्ला नसिरुद्दीन ने मदरसे से बाहर जाने के पूर्व बच्चों से क्या कहा?
2. मुल्ला नसिरुद्दीन के भतीजे ने बच्चों से क्या कहा?

3. भतीजे ने मुल्ला जी से डरते–डरते क्या बोला?

4. अपने भतीजे की बात सुनकर मुल्ला नसिरुद्दीन ने क्या कहा?



## भाषा की बात

**प्रश्न 1** **निम्न शब्दों में से देशज विदेशी शब्द अलग–अलग छाँटकर लिखिए।**

रबर, स्टेशन, मदरसा, स्कूल, पगड़ी, कलम, कुर्सी, कसूर

**प्रश्न 2** **निम्नलिखित शब्दों में से उपसर्ग छाँटिए–**

| | | |
|---|---|---|
| असफलता, | अनुमान | प्रतिकूल |
| सुशील | असहयोग | अनुचर |
| असम्भव | अनपढ़ | सपूत |

| उपसर्ग | मूल शब्द |
|---|---|
| ...................... | ...................... |
| ...................... | ...................... |
| ...................... | ...................... |
| ...................... | ...................... |
| ...................... | ...................... |
| ...................... | ...................... |

मुल्ला नसरुद्दीन सप्ताह में एक दिन गाँव के मदरसे में जाते और वहाँ धार्मिक शिक्षा देते थे। एक बार उन्होंने मिठाई खरीदी और मिठाई की पुड़िया मदरसे में अपने साथ ले गए। हम लोग मिठाई खा न लें इसीलिए चाचा जी ने मिठाई में ज़हर की मिलावट वाली बात कही है।

दिए गए रेखांकित अंश को पढ़े इनमें धर्म से धार्मिक, मीठा से मिठाई और मिलावट से मिलावट वाली शब्द बना है। 'धार्मिक' शब्द 'धर्म' में 'इक' शब्दांश जुड़कर बना है। मीठा शब्द में 'आई' शब्दांश जुड़ा है। इसी तरह मिलावट में 'वाली' शब्दांश जोड़कर 'मिलावट वाली' शब्द का निर्माण हुआ है।

| मूल शब्द | + | प्रत्यय | नवनिर्मित शब्द |
|---|---|---|---|
| धर्म | + | इक | धार्मिक |
| मीठा | + | आई | मिठाई |
| मिलावट | + | वाली | मिलावटवाली |

**यहाँ इक, आई, और वाली शब्दांश प्रत्यय हैं। अर्थात्**

**शब्द के अन्त में जुड़ने वाले शब्दांश को प्रत्यय कहते हैं।**

**प्रश्न 3 अब निम्न वाक्यों को पढ़कर रेखांकित शब्दों से मूल शब्द और प्रत्यय वाले शब्द अलग कीजिए।**

1. दूध वाला सबेरे दूध लाता है ।
2. धनवान को निर्धनों की सहायता करनी चाहिए।

| मूल शब्द | प्रत्यय |
|---|---|
| ...................... | ...................... |
| ...................... | ...................... |



## अब करने की बारी

1. प्रेरणास्पद और रोचक कहानियों का संग्रह कर हस्तलिखित पुस्तिका तैयार कीजिए।
2. आपने दादा–दादी, नाना–नानी, चाचा–चाची से कहानियाँ सुनी होगी, उन्हें आप बालसभा में सुनाइए।
3. नसिरुद्दीन अकबर–बीरबल आदि के हास्य/व्यंग्य और हाजिर–जवाबी के अन्य किस्से बालसभा में सुनाइए।

——— 0 ———

# विविध प्रश्नावली -2

**प्रश्न 1 'अ' और 'ब' खण्ड में दिए गए शब्दों से सही जोड़ी बनाइए-**

(अ) अच्छी - चाँदनी
चाँद - बात
पेड़ - उजाला
सूरज - फल

(ब) अक्षर - समाज
पशु - पास
आस - ज्ञान
ब्रह्म - पक्षी

**प्रश्न 2 रिक्त स्थान की पूर्ति कीजिए -**

1. ............................पिता सब कुछ समझ गया।
2. ध्यानचंद को बचपन से ही हॉकी के खेल में .................थी।
3. मध्यप्रदेश में कुंभ मेला ....................में लगता है।
4. विवेकानन्द के पिता कोलकाता हाईकोर्ट में ...............थे
5. मुल्ला नसिरुद्दीन ने ..........खरीदी।

**प्रश्न 3 निम्नलिखित प्रश्नों के एक वाक्य में उत्तर लिखिए-**

1. भारत सरकार ने ध्यानचंद को कौन-सा पुरस्कार दिया था?
2. पिता अपने बेटे को क्या सिखाना चाहते थे?
3. अंधकार को कौन मात देता है?
4. मूर्ख व्यक्ति कब समझदार बनता है?
5. मुल्ला नसिरुद्दीन के भतीजे ने क्या तोड़ डाला था?
6. मेले हमारी किस बात की पहचान हैं?

**प्रश्न 4 निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दो वाक्य में लिखिए-**

1. त्यागी को मतवाला क्यों कहा गया है?
2. अच्छे स्वभाव वाले मनुष्य के क्या लक्षण हैं?
3. 'भगोरिया मेले' के बारे में दो वाक्य लिखिए।
4. सफलता के शिखर पर ध्यानचंद कैसे पहुँचे?
5. 'कितनी अच्छी बात' कविता में कवि ने कौन-कौन सी अच्छी बातें बताई हैं?
6. माँ और बहन के दूर चले जाने पर लड़के पर क्या प्रभाव पड़ा?

**प्रश्न 5 निम्नांकित शब्दों में से शुद्ध शब्द छाँटकर लिखिए-**

1. संध्या संधया,
   निर्लज्ज निरलजज,
   अच्छि अच्छी
   मलिनता मलीनता

2. **निम्नलिखित शब्दों में से उपसर्ग एवं प्रत्यय छाँटिए-**

   असफलता, अनुमान, प्रतिफल, सम्मान, असहयोग, अनपढ़, सपूत, दूधवाला

3. **निम्नलिखित शब्दों में से अनुस्वार तथा अनुनासिक शब्दों को अलग-अलग छाँटकर लिखिए-**

| | | | |
|---|---|---|---|
| कंडक्टर | जाएँ | गुंजन | मंदिर |
| माँज | बताऊँ | झाँकने | मंडप |

4. **निम्नलिखित शब्दों में से स्त्रीलिंग एवं पुल्लिंग छाँटिए-**

| | | | |
|---|---|---|---|
| भाई | महिला | सागर | बच्चा |
| तितली | गाय | | |

5. **निम्नलिखित शब्दों में से एक शब्द असमान है उस पर गोला लगाइए -**

| | | | |
|---|---|---|---|
| भुजंग | घोड़ा | हाथी | शेर |
| रस्सी | धागा | सुतली | कपड़ा |
| दिन | रात | सुबह | मकान |

**प्रश्न 6 अनेकार्थी शब्दों की सही जोड़ियाँ बनाइए -**

| अ | ब |
|---|---|
| काल | श्रेष्ठ, दूल्हा |
| कर | पिता, जनक |
| तात | हाथ, टैक्स |
| वर | समय, मृत्यु |

**प्रश्न 7 नीचे लिखे पत्र के अंगों से सही संबध स्थापित कीजिए-**

| | |
|---|---|
| संबोधन | 3/बी मालवीय नगर, भोपाल |
| अभिवादन | आपका आज्ञाकारी पुत्र/विवेक |
| पत्र प्रेषक का पता व दिनाँक | सादर चरण स्पर्श |
| अभिनिवेदन | पूजनीय पिताजी |

**प्रश्न 8 निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर पाँच वाक्य लिखिए-**

पुस्तक, प्रिय खेल

0